Need to implement scheme for providing subsidy to sheep and goat farmers ? laid

श्रीमती जसकौर मीना **(दौसा):** गरीब किसानों पशुपालकों एवं महिलाओं ग्रामीण के आर्थिक उन्नयन की चिंता माननीय प्रधानमंत्री जी हमेशा करते हैं इस हेतु विगत वर्ष एक योजना स्वीकृत हुई जिसका उद्देश्य भेड़ बकरी पालकों हेतु 50% अनुदान देकर 100 से 500 तक पशुओं का लक्ष्य रखकर योजना प्रारंभ हुई सुखे से पीड़ित क्षेत्र एवं पहाड़ी क्षेत्र के किसान अपनी जीविका छोटे पशुओं भेड़ बकरी से ही चला रहे हैं। यह परियोजना मेरे स्वयं के सर्वे के परीक्षण के उपरांत लाभकारी सिद्ध की गई है। दुर्भाग्यवश राजस्थान के प्रशासनिक तंत्र द्वारा इसे धरातल पर लागू करने में सहयोग नहीं दिया जा रहा है मेरे संसदीय क्षेत्र के अनेकों किसान आवेदन कर चुके हैं। आज दिनांक तक एक भी स्वीकृति नहीं हुई है। अत: केंद्र सरकार के डेयरी एवं पशुपालन मंत्रालय से अनुरोध करती हूं कि राज्य सरकारों को पत्र लिखकर जिले के पशुपालन अधिकारियों को निर्देश जारी करें जिससे इस अति लाभकारी योजना का लाभ गरीब पशुपालकों को मिल सके। यह योजना ग्रामीण महिला कृषकों तथा एकल महिला सशक्तिकरण में बहुत ही सहायक सिद्ध होगी। राजस्थान राज्य में गरीबी उन्मूलन में सहायक होगी। अनुसूचित जनजाति क्षेत्र में आज भी रोजगार सृजन में अग्रणी कार्य होगा कृपया इस योजना के क्रियान्वयन की शीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित कराएं।